प्रयास NEWS मध्यप्रदेश

भारत सरकार द्वारा पंजीकृत R.N.I. No. MPHIN/2009/35814
डाक पंजीयन क्रमांक MP/IDC/1515/2018-2020

साप्ताहिक समाचार पत्र

13 वर्ष पूर्ण

# आदित्य का प्रयास



''रक्तदान-महादान''

बेटी बचाओं...देश बचाओं...

प्रधान संपादक : पं. आदित्य उपाध्याय


वर्ष 14 अंक 2 (प्रति बुधवार) इन्दौर बुधवार 24 जनवरी 2024 पृष्ठ 8 मूल्य 1 रुपए

## 500 वर्षों की तपस्या अभिजीत मुहूर्त में पूरी हुई

**अयोध्या** स्थित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि-विधान के साथ अभिजीत मुहूर्त में की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोहन भागवत, सीएम योगी आदित्यनाथ एवं आनंदी बेन यजमान बने। अयोध्या राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही 500 वर्षों की तपस्या अभिजीत मुहूर्त में पूरी हो गई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम आज भव्य और दिव्य मंदिर में तमाम भक्तों को दर्शन देने विराजमान हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, आनंदी बेन और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत संत समाज और अति विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में रामलला के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अनुष्ठान संपन्न हो गया।

देश और दुनिया की तमाम बड़ी हस्तियों की मौजूदगी में आखिरकार वह घड़ी भी आ गई जबकि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। 500 वर्षों के इंतजार के बाद आज प्रभु श्रीराम अपने भव्य और दिव्य मंदिर में विराजे हैं।

इससे पहले राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने अयोध्या नगरी को हजारों क्विंटल



फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया। प्रधानमंत्री मोदी और यूपी के सीएम योगी समेत संत समाज और अति विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में रामलला के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अनुष्ठान अभिजीत मुहूर्त में संपन्न हुआ। इसी के साथ अब मंदिर को आमजन के लिए खोल दिया गया है।

### हवा बंगला रोड स्थित संकल्प हॉस्पिटल में गर्भ में जुड़वा बच्चों की मौत का मामला

# मृत जुड़वा बच्चे मांग रहे न्याय

## परिजन बोले - किसी दूसरे के साथ ऐसी घटना ना हो




**- मां को गंभीर हालत में परिजन लाए चोइथराम हॉस्पिटल**

**- संकल्प हॉस्पिटल के बाहर परिजनों का हंगामा**

**- डॉक्टर बोली - अचानक ब्लीडिंग होने लगा था**

**इंदौर ( आदित्य उपाध्याय ) ।** एक महिला , जिसके गर्भ में दो जुड़वा बच्चे , दर्द से कराह रही थी , उन जुड़वा बच्चों की गर्भ में ही मौत हो गई लेकिन इलाज करने वाली डॉक्टर ने कहा की बच्चे स्वस्थ है । हजारों लाखों रुपए भी अपने अकाउंट में डलवा लिए । गर्भ में मृत बच्चो को निकालने का भी अलग से पैसा मांगा जाने लगा। शरीर में पॉयजन फैलने से पीड़िता की हालत नाजुक होती जा रही थी। हॉस्पिटल प्रबंधन ने हाथ खड़े कर दिए और कहा की दूसरे हॉस्पिटल ले जाओ हमारे पास एंबुलेंस भी नही है । पीड़िता के परिजन जैसे तैसे चोइथराम हॉस्पिटल ले गए जहा बताया गया की गर्भ में जुड़वा बच्चों की मौत कई घंटो पहले ही हो चुकी है । इतना सुनकर परिजन बेसुध हो गए। यह दर्दनाक घटना बताते हुए इंदौर के राजपूत परिवार बदहवास हो गए । परिजनों का कहना है की हमारे साथ अब मृत जुड़वा बच्चों को भी न्याय चाहिए । दरअसल, पूजा नामक महिला को प्रसव पीड़ा के चलते हवा बंगला रोड स्थित संकल्प हॉस्पिटल लाया गया ।परिजनों का आरोप है की हॉस्पिटल प्रबंधन और डॉक्टर भारती द्विवेदी की लापरवाही से गर्भ में पल रहे जुड़वा बच्चों की मौत हुई है । परिजनों ने इस मामले की शिकायत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और थाना द्वारकापुरी में की है वही कलेक्टर से भी मिलकर न्याय मांगेगे । परिजनों के अलावा हॉस्पिटल की लापरवाही से नुकसान उठा चुके कई पीड़ित भी हॉस्पिटल पहुंचे और डॉक्टर भारती द्विवेदी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे । इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा ।

इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने हॉस्पिटल सील करने और डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है । वही , द्वारकापुरी थाना प्रभारी ने कहा की शिकायत मिली है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी ।

**रात में थी धड़कन , ब्लीडिंग अधिक हो रहा था** - रात तक बच्चो की धड़कन चल रही थी , पेशेंट को अचानक ब्लीडिंग होने लगा और जुड़वा बच्चों की धड़कन नही आ रही थी , हमने तत्काल चोइथराम हॉस्पिटल रैफर किया ।

**- डॉ. भारती द्विवेदी , संकल्प हॉस्पिटल**

**निष्पक्ष जांच की जाएगी** - शिकायत मिली है , संकल्प हॉस्पिटल टीम भेजी जा रही है , निष्पक्ष जांच होंगी ।

**- डॉ. बीएस सैत्या, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, इंदौर**

### कलेक्टर से उम्मीद है

कलेक्टर आशीष सिंह से मुलाकात कर न्याय की मांग की है । उन्होंने निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया है ।

**- जितेंद्र राजपूत , पति**





# भगवान श्रीराम का जीवन प्रेरणा देने वाला - कलेक्टर गुप्ता

## जिला जेल में राम दरबार एवं भजन संध्या का हुआ आयोजन

**देवास ( प्रयास संवाददाता ) ।**

अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जिला जेल देवास में राम दरबार एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिला जेल देवास में 5100 दीप जलाकर दीपोत्सव भी मनाया गया। इस दौरान कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने कहा कि भगवान श्री राम सभी भारतवासियों के मन में है भगवान श्री राम का जीवन सभी के लिए प्रेरणादाई है। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने भी संबोधित किया। जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे ने भजन गया एवं बंदियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जिला जेल में 21 जनवरी को राम नाम की श्रृंखला बनाकर 3100 दीप प्रज्वलित कर श्री राम नाम का उद्घोष किया गया एवं महिला बंदियों द्वारा प्रभु श्री राम की रंगोली बनाकर उसमें दीप जलाए गए थे।





# आज भारत का लोकतंत्र गौरवान्वित हुआ है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम की अयोध्या में गर्भ गृह में प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन ऐतिहासिक घटना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन की स्थापना की गई है। वास्तव में रामराज्य की स्थापना हुई है। पूरी दुनिया इस बात को अलग दृष्टि से देख रही है। 142 करोड़ जनता ने सरकार के साथ खड़े होकर साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की है। आज अपना लोकतंत्र वास्तव में गौरवान्वित हुआ है। बढ़ते हुए भारत के कदम सांस्कृतिक अनुष्ठान की दिशा में परस्पर साम्प्रदायिक सौहार्द के रूप में बड़ा उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और देश के सभी नागरिकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी भगवान राम के जहां- जहां चरण पड़े हैं, लीलाएं हुई हैं उन धार्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।















# बायपास से लगी कॉलोनियों के लिए बिजली की डबल लाइन

## बारह हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा


**प्रयास संवाददाता ,इंदौर।** शहर के बायपास में राऊ क्षेत्र की कई कॉलोनियों में बिजली की डबल लाइन से कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। इसके लिए करीब एक किमी की नई लाइन स्थापित की जा रही है। शहर अधीक्षण यंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि इससे करीब बारह हजार उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। नए कार्य से निगम के अटल पलाश परिसर 1 के लिए बने ग्रिड, स्टार सिटी, न्यूयार्क सिटी, सिलीकॉन सिटी स्थित 33/11 केवी ग्रिडों को राऊ 132 केवी के ग्रिड के साथ ही साऊथ जोन खंडवा रोड 220 केवी ग्रिड से दोहरी सप्लाय मिलेगी। अधीक्षण यंत्री शर्मा ने बताया कि उक्त कार्य कार्यपालन यंत्री योगेश आठनेरे और उच्चदाब लाइन प्रभारी गगन सेन की टीम द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य एक सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा।



इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, एडीएम सपना लोवंशी और वरिष्ठ पत्रकार डीडी न्यूज प्रमोद दीक्षित के साथ प्रधान संपादक आदित्य उपाध्याय प्रयास अंक के साथ...



देवास कलेक्टर ऋषभ गुप्ता प्रयास न्यूज की प्रति का अवलोकन करते हुए....




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक आदित्य उपाध्याय द्वारा माँ की छाया प्रिंटिंग प्रेस, 56 जूनी कसेरा बाखल, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 7-बी सेक्टर-ए, सांईनाथ कॉलोनी इन्दौर म.प्र. से प्रकाशित। सम्पादक - आदित्य उपाध्याय। मो. 089595-64449 Email- newsprayas@gmail.com